<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सीपी राधाकृष्णन बने देश के पंद्रहवे उप राष्ट्रपति। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश के कई नेताओं ने दी बधाई।
- आज वाराणसी आएंगे मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीन चन्द्र रामगुलाम। कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में होंगे शामिल।
- भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल। मिली डाक्टर ऑफ साइंस की उपाधि।
- नेपाल में विरोध प्रदर्शन के कारण प्रदेश के नेपाल से जुड़े सीमावर्ती जिलों में बढ़ाई गई सतर्कता। भारत नेपाल के बीच कई उड़ाने रद्द।

**********

सीपी राधाकृष्णन देश के पंद्रहवें उप राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के प्रत्याशी और महाराष्ट्र के गवर्नर श्री राधाकृष्णन ने आई.एन.डी.आई. गठबंधन के प्रत्याशी और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को एक सौ बावन वोट से हरा दिया। उपराष्ट्रपति चुनाव की मतगणना के बाद राज्यसभा के महासचिव और रिटर्निंग ऑफिसर पीसी मोदी ने कल यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुल सात सौ इक्यासी मतदाता सांसदों में से सात सौ सढ़सठ सांसदों ने मतदान किया। उन्होंने बताया कि सात सौ सढ़सठ मतों में से सात सौ बावन मत वैध पाए गए और पंद्रह मत अमान्य घोषित किए गए। नए संसद भवन में हुए मतदान में सात सौ बावन वैध मतों में से, श्री राधाकृष्णन को चार सौ बावन वोट मिले। वहीं बी सुदर्शन रेड्डी को तीन सौ वोट मिले। तमिलनाडु में जन्मे सीपी राधाकृष्णन कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। एक रिपोर्ट–

**सीपी राधाकृष्णन का जन्म तिरुपुर तमिलनाडु में हुआ था। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत एक छात्र नेता के रूप में की थी। वे आरएसएस जैसे संगठनों में सक्रिय रूप से शामिल रहे और जनता की सेवा के लिए राजनीति को एक माध्यम के रूप में अपनाया। श्री राधाकृष्णन ने 1998 और 1999 कोयंबतूर लोकसभा सीट से दो बार चुनाव में जीत हासिल की थी, इसके अलावा वे तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे। श्री राधा कृष्ण ने झारखंड और तेलंगाना में राज्यपाल के रूप में और पुद्दूचेरी में उपराज्यपाल के रूप में अपनी सेवा दी । दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के कई नेताओं ने सी पी राधाकृष्णन को उप–राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है।

**********

मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चन्द्र रामगुलाम भारत की आठ दिन की यात्रा पर कल मुम्बई पहुंचे। अपनी यात्रा के दूसरे दिन मॉरीशस के प्रधानमंत्री आज वाराणसी पहुंचेंगे। वह कल वाराणसी में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल होंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार और डीजीपी राजीव कृष्ण ने कल बाबतपुर एयरपोर्ट, द्विपक्षीय वार्ता स्थल और पुलिस लाइन हैलीपैड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कार्यक्रम को देखते हुए घाटों सहित अन्य स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी के मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने बताया कि आयोजन के लिए विदेश मंत्रालय के साथ जिला प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं।

**जिला प्रशासन के द्वारा जो तैयारियाँ है वो सब की जा रही है।मुख्य रूप से जो विदेश मंत्रालय द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। जिला प्रशासन उसमें फैसिलिटेटर के रूप में काम कर रहा है। उसमें माननीय प्रधानमंत्री जी का अभी ग्यारह तारीख को आगमन उसको लेकर सारी तैयारियां कर रहे हैं।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। इसी क्रम में जीएसटी सुधार आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए किए गए हैं और ये बाइस सितंबर से लागू होंगे। सेवा क्षेत्र के लिए किए गए जीएसटी सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सरकार ने सेवा और पर्यटन क्षेत्र में आम लोगों को राहत देते हुए जीएसटी दरों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। जिम, सैलून नाई और योग सेवाओं पर अब 18ः की जगह केवल 5ः जीएसटी लगेगा । इस फैसले से न सिर्फ यह सेवाएं सस्ती और सुलभ होगी बल्कि लोग नियमित रूप से फिटनेस, सौंदर्य और योगाभ्यास जैसी स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। परिषद ने होटल उद्योग के लिए भी महत्वपूर्ण राहत दी है। 7500 प्रतिदिन तक के होटल में ठहरने पर जीएसटी दर 12ः से घटकर 5ः तक कर दिया गया है ।**

**आतिथ्य क्षेत्र में एक निजी कंपनी के सीईओ  हर्षल दिलवाली ने इन सुधारो का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारत घरेलू और विदेशी पर्यटकों के लिए और भी आकर्षक गंतव्य बनेगा नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार नई दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्रीचित्रगुप्त मंदिर सभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने मारवाड़ी युवा मंच की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर के समापन समारोह में भी प्रतिभाग किया। उन्होंने देर शाम गोरखनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सुनी। वह आज ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की छप्पनवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कल ही बस्ती जिले में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती के सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने शिक्षा के महत्व पर चर्चा की।

**दुनिया के अंदर जब समृद्धि की चर्चा होती है और उनके द्वारा जो पैरामीटर तय होते हैं, उस पैरामीटर में सबसे पहला पैरामीटर आता है शिक्षा। शिक्षा कैसी होनी चाहिए। शिक्षा के पीछे में उद्देश्य क्या होना चाहिए। शिक्षा के बाद फिर स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है। स्वास्थ्य के बाद कृषि और जल संसाधन को प्राथमिकता दी जाती है। इसके उपरांत कौशल विकास और रोजगार को, इंप्लायमेंट को उसके बाद इसके साथ जोड़ा जाता है। और फिर पर्यावरण को ध्यान में रख कर के किस प्रकार का विकास हो जो पर्यावरण के अनुकूल हो यह सभी पैरामीटर तय करने के बाद ही यह तय होता है कि अगर ये ये पैरामीटर आप तय कर रहे हैं तो समग्र विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल हो पाएंगे।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल लखनऊ स्थित डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के तेईसवें दीक्षांत समारोह में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को डॉ ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि आज का युग विज्ञान और तकनीक का युग है।

**हम सबका सौभाग्य है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम सब ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प को तकनीक और विज्ञान की शक्ति से जोड़कर उसे मूर्त रूप दिया है। माननीय प्रधानमंत्री जी का दृष्टिकोण केवल विकास की रफ्तार बढ़ाना नहीं है बल्कि भारत को नवाचार और उदतिमा का वैश्विक केंद्र बनाना है।**

समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपने अंतरिक्ष के अनुभवों को साझा किया।

**बट जिस चीज से मैं ज्यादा उत्साहित हूँ ये है की यूनिवर्सिटी ने एग्री किया है कि  वो सेंटर आफ एक्सीलेंस इन स्पेस खोलेंगे जिसमें बच्चों को ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वो इंडस्ट्री में डायरेक्टली जाके जिस स्किल सेट की जरुरत है वो सीख के जाये ताकि उन्हें दोबारा से वहां जाके सीखना ना पड़े।**

**********

विदेश मंत्रालय ने नेपाल में विरोध प्रदर्शनों के बीच वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को नेपाली अधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच काठमांडू के हवाई अड्डे बंद होने के कारण एयर इंडिया और इंडिगो सहित कई विमानन कंपनियों ने दिल्ली से आने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। इसी बीच प्रदेश के नेपाल से जुड़े सीमावर्ती जनपदों में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पीलीभीत और बलरामपुर जिले में भारत–नेपाल सीमा के एंट्री प्वाइंट पर सभी वाहनों की तलाशी ली जा रही है।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बादल छाये हुए है और रूक रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश की वायुमंडलीय परिस्थितियां बनी हुई है। इसके चलते अगले तीन चार दिन तक वर्षा का माहौल बना रहेगा। उधर, बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं, जिससे प्रदेश के इकतीस जिले बाढ़ से प्रभावित हैं।

**********